>

Title: Need to make four laning of the National Highway No. 3.

श्री लक्ष्मण सिंह (राजगढ़) : महोदय, सारा विश्व आर्थिक मंदी से गुजर रहा है। हम भी इससे प्रभावित हैं और इससे उबरने के लिए आज मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना हमारे देश की प्राथमिकता है। इफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट यूपीए शासन की भी प्राथमिता है। [p24]

14.00 hrs.[N25]

यह सारे देश की प्राथमिकता है और फाइव ईयर प्लान में भी यह हमारी प्राथमिकता है। नेशनल हाईवे डैवलपमैंट प्रोग्राम एनडीए के शासन ने शुरू किया था जिसके बहुत अच्छे परिणाम आए। जीक्यू में हम लक्ष्य प्राप्ति के करीब हैं, लेकिन जो नार्थ-साउथ, ईस्ट-वैस्ट कॉरिडोर है, मेरा इस शासन पर आरोप है कि उन्होंने इस बारे में ध्यान नहीं दिया है और जो लक्ष्य रखा गया था, आज हम नार्थ-साउथ, ईस्ट-वैस्ट प्रोग्राम में उस लक्ष्य से बहुत पीछे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि शासन इस बारे में जांच करे कि क्या कारण थे जिनकी वजह से यह कार्यक्रम पिछड़ा रहा। उसकी रिपोर्ट बनाकर सारे देश के सामने रखी जाए। मेरी मांग है कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 3, जो आगरा से मुम्बई जाता है, आर्थिक और सुरक्षा की दृष्टि से बहुत पुराना और महत्वपूर्ण राजमार्ग है, उसे चार लेन में परिवर्तित करने के लिए जल्दी से जल्दी कार्य शुरू किया जाए। वह काम कब तक शुरू करेंगे, उसकी जानकारी दें जिससे मध्य प्रदेश जो पिछड़ा हुआ है, उसका सबसे ज्यादा क्षेत्र उसमें आता है, उसका आर्थिक विकास हो सके। मैं आपके माध्यम से मांग करूंगा कि शासन इस बारे में अपनी स्थिति स्पष्ट करे।